प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रात:कालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।
2- राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से होगा शुरू, विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव।
3- कल आयोजित लोक अदालत में बड़ी संख्या में सुलझाए गए वर्षों से लंबित प्रकरण।
4- पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से प्रदेश पड़ रही कड़ाके की ठंड 9 जिलों में पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंचा।

अब समाचार विस्तार से...

**प्रधानमंत्री-मुख्य सचिव** **15.12.2024/07.10AM**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। श्री मोदी ने कल सम्मेलन की अध्यक्षता की थी। यह तीन दिवसीय सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था। इसका उद्देश्य राज्यों के सहयोग से साझा विकास एजेंडे का मूल्यांकन और कार्यान्वयन करना है। सम्मेलन में केंद्र और राज्य सरकारों की भागीदारी को सुदृढ़ करने और सहकारी संघवाद, तेज आर्थिक वृद्धि और विकास में बेहतर तालमेल सुनिश्चित करना है। इसमें सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

मुख्य सचिवों का सम्मेलन केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण की प्रमुख पहल है। सम्मेलन का मुख्य विषय **प्रोमोटिंग इंटरप्रेनुअरशिप, इम्प्लॉयमेंट एंड स्किलिंग-लेवरेजिंग द डेमोग्राफिक डिविडेंड है।** इसके अंतर्गत छह प्रमुख क्षेत्र-विनिर्माण, सेवा, ग्रामीण, गैर खेती, शहर, नवीनिकरण ऊर्जा और चक्रीय अर्थव्यवस्था है।

**लोकसभा-प्रधानमंत्री संविधान** **15.12.2024/07.10AM**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि संविधान देश में एकता का मुख्य स्तंभ है। लोकसभा में कल भारत के संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर विशेष चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही। श्री मोदी ने विविधता में एकता को देश की अनूठी विशेषता बताते हुए कहा कि उनकी सरकार ने देश की एकता को मजबूत करने की दिशा में नीतियां बनायी और फैसले किये। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि यह देश के संविधान निर्माताओं के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि संविधान सभा में इस पर लम्बा विचार विमर्श हुआ और यह आदेश दिया गया कि निर्वाचित सरकार इसे लागू करे। श्री मोदी ने कहा कि एन.डी.ए. सरकार धर्म निरपेक्ष समान नागरिक संहिता लाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने संविधान संशोधन देश की एकता और अखंडता के लिए किए हैं।

**विधानसभा सत्र** **15.12.2024/07.10AM**

राज्य की 16वीं विधानसभा का चौथा सत्र कल से शुरू हो रहा है। यह शीतकालीन सत्र 16 से 20 दिसंबर तक चलेगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि इस 5 दिवसीय सत्र में सदन की कुल 5 बैठकें होंगी, जिसमें महत्वपूर्ण शासकीय कार्य किए जायेंगे। सत्र के दौरान तीन नए विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। इसमें छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह, बुधनी से विजयी हुए रमाकांत भार्गव और विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित होने वाले विधायक मुकेश मल्होत्रा को शपथ दिलाई जाएगी। वहीं कल प्रदेश कांग्रेस भोपाल में प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करते हुए विधानसभा का घेराव करेगी। प्रदर्शन प्रदेश में किसानों पर हो रहे अत्याचार, खाद की कालाबाजारी और किल्लत, महिलाओं और बेटियों से दुष्कर्म, युवाओं की बेरोजगारी, पेपर लीक जैसे तमाम मुद्दों पर होगा।

**उप राष्ट्रपति** **15.12.2024/07.10AM**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, श्री धनखड़ वायुसेना के विशेष विमान द्वारा एयरबेस विमानतल ग्वालियर पहुंचेंगे। वे ग्वालियर प्रवास के दौरान महाराज बाड़ा पर जियो साइंस म्यूजियम के उदघाटन कार्यक्रम और जीवाजी विश्वविद्यालय में महाराज जीवाजीराव सिंधिया की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे 'जयविलास पैलेस' भी जाएंगे।

**लोक अदालत** **15.12.2024/07.10AM**

प्रदेश में कल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण किया गया। धार में आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के दाण्डिक एवं सिविल राजीनामा योग्य कुल 1 हजार 119 लंबित मामलों का निराकरण आपसी समझौते के आधार पर किया गया। उधर पन्ना जिले में नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के जरिए लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 2 करोड़ 72 लाख रूपए से अधिक की अवार्ड राशि

पारित की गई। ग्वालियर जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से 8 हजार 189 मामले सुलझे। शिवपुरी जिले में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से जिला मुख्यालय सहित समस्त तहसील न्यायालयों के माध्यम से कुल 2 हजार 22 मामले निराकृत हुए। गुना जिले में आपसी राजीनामा से 1 हजार 926 मामले निराकृत हुये जिसमें 8 करोड़ 22 लाख 81 हजार की राशि के अवार्ड पारित कर 2 हजार 599 व्यक्तियों को लाभांवित किया गया।

**जनकल्याण पर्व** **15.12.2024/07.10AM**

प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व का आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस अभियान का लक्ष्य चार आधारभूत स्तम्भ युवा, नारी, किसानों और गरीबों को फोकस करते हुए कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लक्षित समूह में युवाओं के कौशल विकास हेतु निर्धारित लक्ष्यों मे जिले में पिछले एक वर्ष में बेमिसाल उपलब्धि हासिल की है। शासकीय आईटीआई खंडवा के प्रचार्य द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना अन्तर्गत जिले में लगभग 11000 से अधिक युवाओं द्वारा अपना पंजीयन योजनान्तर्गत किया गया। योजना में 105 प्रतिष्ठानों द्वारा जिले में प्रशिक्षण हेतु पंजीयन किया गया। प्रतिष्ठानों द्वारा 303 छात्र प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिष्ठानों में संलग्न किया गया। उन्होंने बताया कि जिले की समस्त शासकीय आईटीआई द्वारा 18 प्लेसमेंट ड्राईव आयोजित किये गये, जिसमें 466 प्रशिक्षणार्थी विभिन्न कंपनियों में प्राथमिक स्तर पर चयनित हुए एवं अपने स्वयं के प्रयासों से 29 प्रशिक्षणार्थी विभिन्न कंपनियों में चयनित हुए या स्वयं का स्वरोजगार स्थापित किया।

**एमपीपीएससी** **15.12.2024/07.10AM**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा -सेट 2024 का आयोजन आज दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक होगा। यह परीक्षा एक सत्र में 12 संभागीय एवं जिला मुख्यालयों इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सागर, शहडोल, नर्मदापुरम, उज्जैन, सतना, खरगोन एवं रतलाम के परीक्षा केन्दों पर आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए आयोग द्वारा कुल 17 संभागीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इंदौर जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण कार्य के लिए सेवा निवृत्त आई.एफ.एस.  पी.सी. दुबे, सेवा निवृत्त आईएएस आशुतोष अवस्थी, सेवा निवृत्त उच्च न्यायाधीश राजेन्द्र महाजन को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग द्वारा सुरक्षा एवं सतर्कता अधिकारी के रूप में उप पुलिस अधीक्षक प्रिया सिंह को नियुक्त किया गया है।

**मौसम** **15.12.2024/07.10AM**

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन और तेज ठंड पड़ेगी। कल प्रदेश के आधे हिस्से में सर्द हवाएं चलीं। वहीं, आज भोपाल, इंदौर समेत 36 जिलों में शीतलहर, कोल्ड डे का अलर्ट है। शुक्रवार-शनिवार की रात में भी प्रदेश में रिकॉर्ड ठंड पड़ी। राजधानी भोपाल में एक ही रात में 4 डिग्री पारा लुढ़ककर 3.8 डिग्री पर आ गया। इस कारण पिछले 10 साल में दूसरी सबसे ठंडी रात रही। शहडोल के कल्याणपुर में पारा 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पचमढ़ी में 2,शाजापुर में 2.5, उमरिया में 2.8, मंडला में 3, रायसेन में 3.8, राजगढ़ में 4 और नौगांव में 4.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। विभाग ने शाजापुर, सीहोर, विदिशा, रायसेन, जबलपुर और शहडोल में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबलपुर और शहडोल में शीतलहर चलेगी, जबकि बाकी जिलों में बर्फ तक जम सकती है। मंदसौर, रतलाम, बड़वानी, देवास, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, दमोह, कटनी, उमरिया, सिवनी, मंडला, अनूपपुर, सिंगरौली में शीतलहर चल सकती है।

**महिला टी-20 क्रिकेट** **15.12.2024/07.10AM**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा। सीरीज के सभी मैच डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में ही खेले जाएंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज इस साल भारतीय महिला टीम का अंतिम मैच है। टीम के लिए साल की शुरुआत नवी मुंबई में ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से सीरीज हारने के साथ हुई, इसके बाद मेजबान बांग्लादेश पर 5-0 की सफलता हासिल की। टी-20 रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज मेहमान टीम को दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

**हनुमान चालीसा** **15.12.2024/07.10AM**

खरगोन के 20 स्कूलों के करीब 4000 विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसे गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इस उपलब्धि को दर्ज कर प्रमाण पत्र जारी किया है। आयोजन के मुख्य अतिथि खरगोन के विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों द्वारा अर्जित इस वर्ल्ड रिकॉर्ड ने विश्व मंच पर खरगोन को गौरवान्वित किया है।

**संक्षिप्त समाचार** **15.12.2024/07.10AM**

1- उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और दिनेश प्रताप सिंह ने कल भोपाल में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र

सिंह तोमर से भेंटकर  प्रयागराज में आयोजित होने वाले आगामी महाकुंभ 2025 के लिए आमंत्रित किया।

2- राजगढ़ में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पांच माह में पेंशन योजनाओं के विशेष शिविरों का आयोजन कर 5580 हितग्राहियों की सामाजिक सहायता पेंशन स्वीकृति की कार्यवाही की गई है।

3- जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई एवं जिला उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में 18 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे शासकीय आईटीआई सतना में एक दिवसीय अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा।

4- केंद्रीय विद्यालय आगरमालवा में कल  केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इसके अंतर्गत बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं शिक्षा पर आधारित  कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।

5- ग्वालियर मे चल रहे तानसेन संगीत समारोह-2024 मे आज शाम 7 बजे शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय के ध्रुपद गायन से होगा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर,

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

2- राज्य विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से होगा शुरू, विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव।

3- कल आयोजित लोक अदालत में बड़ी संख्या में सुलझाए गए वर्षो से लंबित प्रकरण।

और

4- पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से प्रदेश पड़ रही कड़ाके की ठंड 9 जिलों में पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंचा।

इस बुलेटिन में इतना ही, नमस्कार

....................